लोक सभा अध्यक्ष ने बैसाखी और विशु की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली; 12 अप्रैल, 2024: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने बैसाखी और विशु की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है,

आपको बैसाखी और विशु की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

खेती और किसानी से जुड़ा बैसाखी त्योहार आज देश भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सिख समाज के भाई-बंधु इसे नए साल की तरह मनाते हैं।

बैसाखी के ही दिन दशम गुरु श्री गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने मानवता को साहस, त्याग और स्वाभिमान की महान सीख दी थी।

साथियों, बैसाखी, वो समय है, जब खेतों में फसल पककर तैयार हो जाती है। ये फसल कटाई का समय है। सभी किसान भाइयों के लिए मेरी कामना है कि आपको आपके परिश्रम का सुखद परिणाम मिले।

विशु को हमारे मलयाली भाई-बहन नए साल के रूप में मनाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पारिवारिक समारोहों और सामूहिक उत्सवों के साथ, विशु लोगों को नई शुरुआत और समृद्धि की भावना का आनंद लेने के लिए एक साथ लाता है।

पवित्र बैसाखी और विशु सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। इसी प्रार्थना के साथ आप सभी को शुभकामनाएं।

जय हिंद।